## एक नजर में

### घूमन्तु गौरव कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**ब्यावरा 16 फरवरी, का.** नगर में सोमवार से घूमन्तु गौरव कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन शुरु हुआ. संगठन भाव एवं युवा शक्ति जागरण के उद्देश्य को लेकर स्थानीय पब्लिक स्पोर्टस क्लब ग्राउण्ड पर 16 से 26 फरवरी तक यह आयोजन किया जा रहा है. जिसमें 22 टीमे भाग ले रही है. सोमवार को टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर अतिथि हेमंत सेठिया प्रान्त कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, श्रीमती रजनी प्रकाश अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ब्यावरा, के. एल बंजारा एडिशनल एसपी, लखन विश्वकर्मा, संजय सक्सेना, श्रीमती प्रेमलता, जितेन्द्र झंझोरिया, तहसीलदार दोजीराम अहिरवार, थाना प्रभारी वीरेंद्र धाकड़, आयोजनकर्ता आकाश झंझोरिया, अमित झंझोरिया, श्याम सुन्दर, जुगनू, संजेश गुदेन, सुनील नैनावत, मोनू, दीपक, दिलराज छाड़ी, सोनू, सागर, दीपक उपस्थित रहे.

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**राजगढ़ 16 फरवरी, का.** सोमवार की देर शाम को राजगढ़ के समीप जालपा माता मंदिर के समीप राजस्थान निवासी एक बाईक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे बाईक सवार घायल हो गया. जानकारी के अनुसार झालावाड़ के समीप ग्राम धनवास निवासी विक्रम नामक युवक बाईक द्वारा जा रहा था कि अज्ञात वाहन ने जालपा माता मंदिर से आगे नायरा पेट्रोल पंप के समीप बाईक को टक्कर मार दी. जानकारी लगने पर मौके पर पहुंची 108 इमरजेंसी एम्बुलेंस राजगढ़ के पायलेट मेहरबान चौहान एवं ईएमटी राजेश दांगी घायल को जिला चिकित्सालय लेकर आये.

### हास्य, ओज की रचनाओं ने किया मंत्रमुग्ध

**ब्यावरा 16 फरवरी, का.** ग्राम बालचिडी में महाशिवरात्रि पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया. जिसमें प्रख्यात कवियों ने अपनी प्रभावी रचनाओं की सुंदर प्रस्तुति दी. कवि देवेंद्र दांगी के संयोजन में गांव में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया. हास्य कवि रामेश्वर रोचक द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी जिसने भावविभोर कर दिया. हास्य रचना से खूब हंसाया. कवि सुनील नागर ने ओज की प्रभावी रचनाओं से खूब तालियां बटोरी. कवि देवेन्द्र दांगी ने अपनी प्रभावी, हास्य रचनाओं से खूब हंसाया. उन्होंने माँ तू बहुत याद आती है ओर एक बात पूछता हूं बाबूजी रचना की प्रस्तुति दी जिसे खूब सराहा गया. कवयित्री प्रियांशी पाटीदार ने श्रृंगार रचनाओं की प्रभावी प्रस्तुति दी. मंच संचालक हेमंत हर्षिला ने प्रभावी रचना पाठ किया. लखन सिंह दांगी ने आभार व्यक्त किया.

### भगवान भोलेनाथ की निकली बारात

**करनवास 16 फरवरी, सं.** बस स्टैंड नीलकंठ महादेव के मंदिर से बारात सज धज कर शुरु हुई भगवान भोलेनाथ को रथ में सवार कर आरती कर प्रसाद चढ़कर बारात रवाना हुई. जिसमें डीजे की धुन पर बाराती नाचते गाते झूमती चल रहे थे. भगवान भोलेनाथ की घर-घर से रात में बैठे भोलेनाथ की आरती कर रेलवे लाइन से होते हुए चांदनी चौक पहुंची. बारात वहां से रामलीला चौक फिर राम मंदिर में बारातियों का स्वागत रखा गया उसके बाद खेड़ापति मोहल्ला ढिकोलिया मोहल्ला होते हुए चिचोड़िया मोहल्ला होते हुए मनकामेश्वर महादेव मदागल पर बारात पहुंची. जहां पर बाबा भोलेनाथ और बरातीयो का स्वागत सत्कार किया गया.

# हार्ट मरीजों को निजी लैब का सहारा

## सीने में दर्द, घबराहट, सांस फूलना या हार्ट अटैक की समस्या वाले मरीज परेशान

**जेब पर बढ़ रहा आर्थिक बोझ**

**गंभीर स्थिति में भी मरीजों को निजी पैथोलॉजी लैब का रुख करना पड़ता**





नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 16 फरवरी, का.** जिला चिकित्सालय में हृदय रोग की पहचान के लिए की जाने वाली अत्यंत महत्वपूर्ण जांचें ट्रोपोनिन और सीके-एमबी पिछले करीब एक माह से बंद पड़ी हैं. इससे सीने में दर्द, घबराहट, सांस फूलना या हार्ट अटैक की आशंका लेकर आने वाले मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है. गंभीर स्थिति में भी मरीजों को निजी पैथोलॉजी लैब का रुख करना पड़ रहा है.

चिकित्सकों के अनुसार, हार्ट अटैक की पुष्टि के लिए ट्रोपोनिन और सीके-एमबी जांच प्राथमिक और आवश्यक मानी जाती है. इन जांचों से यह स्पष्ट होता है कि हृदय की मांसपेशियों को कितना नुकसान हुआ है. आपातकालीन स्थिति में इनकी रिपोर्ट के आधार पर ही आगे का उपचार दवाइयां, आईसीयू प्रबंधन या उच्च केंद्र रेफर तय किया जाता है.

लेकिन जिला अस्पताल में यह सुविधा उपलब्ध न होने से मरीजों की जांच में देरी हो रही है. कई मामलों में परिजनों को पहले निजी लैब में जांच करानी पड़ती है, फिर रिपोर्ट लेकर अस्पताल लौटना पड़ता है, जिससे उपचार शुरू होने में कीमती समय नष्ट हो जाता है.

ग्रामीण अंचलों से आने वाले मरीजों को दोगुनी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. निजी लैब में इन जांचों के लिए 1500 से 2500 रुपये तक खर्च करना पड़ रहा है. आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह अतिरिक्त भार साबित हो रहा है.

### अन्य जांचें भी नहीं हो रहीं

क्वालिटी कंट्रोल नामक केमिकल नही होने के चलते कार्डिक टेस्ट के साथ साथ सी .आर .पी, ए .एस .ओ सहित आर .ए . फैक्टर की जांचे भी जिला अस्पताल की पैथोलोजी लैब में नही हो रही है . हालांकि इस के लिए लेब प्रबंधन का कहना है कि इन मरीजो के ब्लड सेम्पल एनएबीएल सर्टिफाइड लेब में भेज रहे है . सैम्पल ले रहे है या नही, भेज रहे है तो कितने दिन में जाँच मरीजों को दी जा रही ये सब पहलू जांच का विषय है .

### क्या है ट्रोपोनिन व सीके-एमबी जांच?

ट्रोपोनिन टेस्ट हृदय की मांसपेशियों को नुकसान होने पर खून में ट्रोपोनिन प्रोटीन का स्तर बढ़ जाता है . हार्ट अटैक की पुष्टि के लिए यह सबसे विश्वसनीय जांच मानी जाती है . सीके-एमबी टेस्ट यह एंजाइम हृदय की मांसपेशियों में पाया जाता है . हार्ट अटैक या हृदय को चोट लगने की स्थिति में इसका स्तर बढ़ जाता है .

क्वालिटी कंट्रोल (केमिकल) नही होने की वजह से ट्रोपोनिन व सीकेएमबी टेस्ट 10 जनवरी से नही लग रहा है. वरिष्ठ अधिकारियों को भी इस संबंध में जानकारी दे दी है .

**डॉ पी .के . जैन,**
**पैथोलॉजिस्ट जिला चिकित्सालय राजगढ़**

### स्कूल बस फिटनेस अनिवार्य
### बच्चों की सुरक्षा में जीरो टॉलरेंस

**राजगढ़ 16 फरवरी, का.** कलेक्टर डॉ . गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेंट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई . बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ . इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, अतिरिक्तपुलिस अधीक्षक केएल बंजारे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में चालानी कार्यवाही, बस फिटनेस, ब्लैकस्पॉट, एनएचएआई संबंधी कार्य, तेजगती वाहनो पर कार्यवाही, हेल्मे ट जागरूकता कार्यक्रम सहित करनवास एवं पचोर रेलवे स्टेशन क्षेत्र के ब्लैकस्पॉट रेक्टिफिकेशन कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई . नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों से पिछली बैठक के बाद की प्रगति की जानकारी ली गई तथा शेष कार्यों पर स्पाष्टिकरण लिया गया .साथ ही ट्रैक्टर एवं डंपरों पर रेडियम लगाए जाने को लेकर खनन अधिकारी को सख्त निर्देश दिए गए . पोर्टल पर पंजीकृत सभी डंपरों पर तत्काल रेडियम लगाए जाने के निर्देश भी दिए गए . जिला परिवहन विभाग को इस संबंध में अनिवार्य निर्देश जारी कर विशेष अभियान चलाने के लिए कहा गया . कलेक्टर डॉ . मिश्रा द्वारा स्कूल बसों की सघन जांच के निर्देश दिये .



# भारी बिल देकर कर रहे परेशान

## पगारी बंगला ग्रिट पर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 16 फरवरी, का. भारी भरकम राशि के बिल किसानों को देते हुए बेवजह परेशान किया जा रहा है. कुंओ से विद्युत मोटरे जप्त की जा रही है, इसके विरोध में सोमवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा नरसिंहगढ़ रोड पर पगारी बंगला ग्रिट पर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया.**

धरना प्रदर्शन करते हुए कहा कि विद्युत मंडल द्वारा अवैध बिजली बिल देते हुए बे वजह दबाव बनाते हुए किसानों को परेशान किया जा रहा है. जबकि अभी खेतो में फसलें खड़ी है, सिंचाई की जरुरत है, ऐसे में बिजली की जरुरत है, किंतु कुंओ से विद्युत मोटरे निकाली जा रही है.

धरना प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, पुरुषोत्तम दांगी, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शिव दांगी बारवां, अर्पित शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार जाट, चेनसिंह गुर्जर, हिरेंद्र सिंह, चन्दर सिंह गुर्जर, के.पी. सिंह, सुरेश दांगी, रामकेवल दांगी, फूल सिंह वर्मा, महेंद्र यादव, राहुल दांगी, ज्ञानू विजय, मोहन जाट, विष्णु खटाना, रामनारायण भारती, लोकेश, रामबाबू, डी.के. दांगी, पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

### मजबूर किया जा रहा

ज्ञापन में कहा गया कि ऐसे समय में किसानों से बिल वसूली की जा रही है जब उनके पास पैसे की कमी बनी हुई है, कुंओ से विद्युत मोटर दादागिरी करते हुए निकाली जा रही है . कहा गया कि जिन किसानों की विद्युत मोटर जप्त की है उन्हें वापस किया जाये . ऐसा नहीं किया गया तो मजबूरन कांग्रेस पार्टी को व्यापक आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ेगा .

# जिले भर के अधिवक्ता हुए लामबंद

## एडव्होकेट प्रोटेक्शन एक्ट पारित किया जाये

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 16 फरवरी, का.** करेरा शिवपुरी अभिभाषक संघ के एक सदस्य की विगत दिवस हुई निर्मम हत्या से जिले भर में अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है, सोमवार को जिले में अधिवक्ताओं ने घटना पर कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए ज्ञापन सौंपकर कहा जल्द एडव्होकेट प्रोटेक्शन एक्ट पारित करने की मांग की.

अधिवक्ता संघ ब्यावरा द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया. जिसमें कहा गया कि अभिभाषक संघ करेरा शिवपुरी के सदस्य संजय कुमार सक्सेना की निर्मम हत्या से समूचे अधिवक्ता समुदाय में आक्रोश व्याप्त है. अधिवक्ता अपने को असहाय महसूस कर रहा है जो कि चिंता का विषय है. निर्भय होकर न्यायालयों में अपने पक्षकारों का काम करना भी कठिन हो गया है. अधिवक्ताओं की सुरक्षा हेतु कोई प्रयास शासन ने नहीं किया है. इसके पूर्व भी अधिवक्ताओं पर जानलेवा हमले हो चुके है. लम्बे समय से शासन से एडव्होकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग की जा रही है, परन्तु इस संबंध में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया. इस तरह की घटनाओं को रोकने तुरंत एडव्होकेट प्रोटेक्शन एक्ट पारित किया जाये. इस दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे.

अधिवक्ता की हत्या के विरोध में ज्ञापन- सारंगपुर 16 फरवरी, सं. गत दिवस अधिवक्ता संघ करेरा जिला शिवपुरी के अधिवक्ता संजय कुमार सक्सेन 14 फरवरी को अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई. इसके विरोध में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी सारंगपुर को प्रेषित किया. अभिभाषक संघ द्वारा निंदा प्रस्ताव पारित कर करेरा की घटना की घोर निंदा की. इस घटना से मध्य प्रदेश के अधिवक्ताओं में अत्यधिक आक्रोश एवं रोष व्याप्त हैं. मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद लंबे समय से अधिवक्ता की सुरक्षा के लिए राज्य शासन से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग करते चले आ रहे है. अधिवक्ताओं पर लगातार हमले किया जा रहे हैं.

जिसमें डबरा के अधिवक्ता चंद्रभान सिंह मीणा एवं अन्य जिलों के अधिवक्ता भी शामिल है. अभिभाषक संघ सारंगपुर द्वारा एक ज्ञापन प्रेषित कर राज्य शासन से मांग की संजय कुमार सक्सेना के निर्मम हत्या करने वाले के विरोध कड़ी से कड़ी कार्यवाही जावे. मृतक अधिवक्ता के परिवार को आर्थिक मदद के रूप में राशि एक करोड रुपए एवं उसके परिवार के सदस्य को शासकीय सेवा में नौकरी दी जाने की मांग की. इस मौके पर अभिभाषक संघ अध्यक्ष पीएस मण्डलोई, रमेशचंद्र वर्मा, जीपी सक्सेना, डब्ल्यू एम मंसूरी, ओपी विजयवर्गीय, केसी शर्मा, अनिल दीक्षित, अल्ताफ खान, सीके जैन, अशफाक हाशमी, बीएस पुष्पद, रामबाबू नारोलिया, अनवर अंसारी, अंसार अली नकवी, प्रदीप शर्मा, एसएन चूलीवाल, दिलीप परमार, प्रदीप जोशी, शिवप्रसाद शर्मा, राकेश पाण्डेय,शहजाद मंसूरी, रविन्द्र सक्सेना, आबिद लोदी, अली इमरान जैदी, बृजकिशोर चौहान, रईस मंसूरी, इरफान खान, बृजमोहन नारोलिया, ओ पी राठौर, रणछोड़ शर्मा,मुकेश यादव, सलीम कुरैशी,रघुवीर सिंह, सन्तोष खरे दिनेश मालवीय,आदि अधिवक्ता गण उपस्थित थे.

# महाशिवरात्रि का आयोजन सजे मंदिर

**खिलचीपुर 16 फरवरी, सं.** खिलचीपुर थाने परिसर स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि का आयोजन किया गया. इस अवसर पर थाने में लगभग पांच क्विंटल फलहारी खिचड़ी तैयार की गई, जिसे थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती ने श्रद्धालुओं को वितरित किया. शाम को एसडीओपी धर्मवीर नागर ने अपनी पत्नी के साथ भगवान शिव की महाआरती की. सुबह ब्रह्ममुहूर्त में मंदिर के पट खोले गए. श्रद्धालुओं ने जल, दूध और बेलपत्र से भगवान नर्मदेश्वर महादेव का अभिषेक किया. दिनभर पूजा-अर्चना और दर्शन का क्रम जारी रहा. मंदिर को फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया था. कुल लगभग पांच क्विंटल खिचड़ी तैयार हुई. शाम को श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ गई और दर्शन के लिए कतारें लग गईं. शाम 7 बजे महाआरती हुई.





# शिवरात्रि पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़






**सुठालिया 15 फरवरी, सं.** नगर में रविवार को महाशिवरात्रि के मौके पर शिव मंदिरों में अनेक धार्मिक आयोजन किए गए वही भोले की बारात निकाली गई. सर्व प्रथम बारात बाल्केश्वर महादेव समिति द्वारा दोपहर बारह बजे परंपरागत तौर से गढ़ी मंदिर से शुरू हुई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई बालकेश्वर महादेव पर संपन्न हुई. वहीं रात्रि को भगवान भोले नाथ का महा अभिषेक किया गया. नगर में महाशिव रात्रि पर परंपरागत सांया काल परलापुरा से नर्मदेश्वर महादेव मंदिर तक भोले की बारात निकाली गई जिसमें भक्तो ने डीजे के धार्मिक गीतों पर भक्त जमकर नाचे. बारात परलापुरा से शाम चार डीजे ढोल ताशे के साथ शुरू हुई और मुख्य मार्गों श्री राम मंदिर सदर बाजार गांधी चौक शंकर रोड मधुसूदनगढ़ रोड बस स्टेंड मेन मार्केट से होते हुए शिव मंदिर पर सम्पन्न हुई. ब्यावरा रोड स्थित पशुपतिनाथ महादेव मंदिर घुरेल बालकेश्वर महादेव मंदिर योगेश्वर महादेव मंदिर श्याम खो मधुसुदनगढ़ रोड स्थित वैष्णो देवी धाम मऊ के भोले नाथ मंदिर आदि मंदिरो में भी धार्मिक आयोजन किए गए जहां दिनभर भक्तों की भीड़ रही.

# होटल संचालक बनेसिंह राठौड़ का देवलोकगमन

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 16 फरवरी, सं. नगर के समाजसेवी स्व भंवर सिंह राठौड़ के अनुज होटल संचालक बने सिंह राठौड़ का सोमवार को अस्वस्थता के चलते देवलोकगमन हो गया.**



वह नपा कर्मचारी कुलदीप सिंह (दीपू लाला), नीलू सिंह राठौड़ के काकाश्री एवं भगत सिंह, रूपेंद्र सिंह राठौड़ के पिताजी थे. सहज, सरल एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनि श्री बने सिंह के निधन से मिलने-जुलने वालों में गहरा शोक व्याप्त हो गया. स्थानीय मुक्तिधाम पर अंत्येष्टि की गई.

इस दौरान नपं उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह परमार, भाजपा नेता अमित शर्मा, पार्षद आकाश अग्रवाल मोंटी, गोपाल भिलाला, रतन सिंह मालवीय, प्रभारी सीएमओ देवनारायण यादव, मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह सौंधिया, शिवराज सिंह चौहान प्राचार्य शिशु मंदिर, भागीरथ धनगर, पत्रकार बी.के. तिवारी, कामेश नामदेव, सुनील सरावत, गजराज सिंह तोमर,प्रताप चौहान, महेन्द्र चौहान, धर्मेन्द्र सिंह परमार, मिक्कु बना, चंद्रपाल चौडावत, रघु बना, आलोक कुमार सोनी, धीरेन्द्र सिंह यादव, महेश मित्तल, कैलाश शर्मा, अभिषेक सोनी, विश्वास गुप्ता, अभिषेक शर्मा, वीरेन्द्र मिश्रा, प्रकाश सोनी, राजेश सक्सेना, विनोद गुप्ता, एडव्होकेट चित्रांश सक्सेना, कुंज बिहरी पालीवाल, अनिल वर्मा, ब्रजेन्द्र सक्सेना, उमेश सक्सेना, ओम प्रकाश लोधी, भरत पालीवाल मोनू चौरसिया, कमलेश साहू, अनिल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की.

# भगवान भोलेनाथ की शाही बारात में शामिल हुए राज्यमंत्री

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 16 फरवरी, सं. नगर में भव्य शिव बारात निकाली गई. राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल इसमें शामिल हुए. साथ ही हिंदू उत्सव समिति के कार्यकर्ता सहित श्रद्धालु शामिल हुए. मंत्री टेटवाल ने स्वयं पूजन-अर्चन कर शिव बारात का शुभारंभ किया और पालकी को कंधा देकर धार्मिक आस्था का संदेश दिया.**

गांधी चौक स्थित श्रीवटकेश्वर महादेव मंदिर से भगवान भोलेनाथ की शाही बारात प्रारंभ हुई. मंत्री डॉ. टेटवाल ने विधि-विधान से पूजन कर आरती उतारी. शिव बारात श्री वटकेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर गांधी चौक, सदर बाजार, भेरू दरवाजा, बस स्टैंड, पुराना एबी रोड, परशुराम चौराहा, अस्पताल रोड और बाग कुआं होते हुए तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर पहुंची. बैंड-बाजों की मधुर धुनों, 51 पुनेरी ढोल-ताशों की गूंज, अघोरी नृत्य, आतिशबाजी, महाराष्ट्र का बैंड,और आकर्षक झांकियों ने पूरे नगर को भक्तिमय बना दिया. तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर पहुंचने पर भव्य महाआरती संपन्न हुई. नगर में जगह जगह खीर, लस्सी, फलहारी खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया. कपिलेश्वर महादेव मंदिर, चिंतामानेश्वर महादेव मंदिर, नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर एवं श्री वटकेश्वर महादेव मंदिर—में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही. विशेष रूप से कालीसिंध नदी के मध्य स्थित कपिलेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों ने दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया.

### महाशिवरात्रि, शिवालय सजे, महादेव का अद्भुत श्रंगार

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर स्थानीय बाईपास स्थित श्री चिंतामणिकेश्वर महादेव मंदिर देवकुआं पर एक दिवसीय मेला मंदिर विकास समिति एवं महादेव मित्र मंडल के संयुक्त तत्व तत्वाधान में लगाया गया.समिति अध्यक्ष विष्णु प्रसाद जोशी ने बताया सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए परिसर में विकास कार्य प्रगति पर है समिति सदस्य नंदकिशोर सोनी ने जन सहयोग हेतु अपील की.


{CNRNO} {QRCODE}
DAN145 {PROCESS_ID}

**परिशिष्ट B - संख्यांक 13**

{COURTNAME}
{JUDGE_DESIGNATION_NAME},
{TALUKA} {DISTRICT}

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

{CASE_RCS A 86/2022}
समद खा विरूध सुईयाबाई आदि
NEXT DATE : {CASE_05-03-2026

प्रेषिती-
1- राधाबाई पति कमलसिंह पति लालजीराम लोधा, निवासी जयनगर तहसील सारंगपुर जिला राजगढ म.प्र.
2- पप्पी उर्फ बबली पिता कमलसिंह पति विशाल लोधा निवासी ग्राम कालापीपल तहसील कालापीपल जिला शाजापुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी समद खां पिता रसीद खां आपके विरुद्ध (RCS A 86/2022) के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें । यह आज तारीख 04-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा
{EMBLEM}

(ऊषा उईके)
न्यायाधीश
प्रथम व्यवहार न्यायधीश वरिष्ठ खंड
कन्नौद, जिला देवास (म.प्र.)

टिप्पणी:- {FOOT_NOTE} अधिक जानकारी वेबसाइट ecourts.gov.in अथवा मोबाइल एप. eCourts Services (Android or iOS) से प्राप्त की जा सकती है। कृपया ध्यान दें:- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।


**भजन संध्या** | श्री अंजनीलाल धाम पर भजन निशा का भव्य व अनूठा कार्यक्रम संपन्न

# महाशिवरात्रि पर भोले संग जमकर झूमे श्रद्धालु

**जाने माने भजन गायक,कलाकारों ने दीं अपनी जोरदार प्रस्तुतियां**



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 16 फरवरी,का.** श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर महाशिवरात्रि पर विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ. इस अवसर पर भगवान भोलेनाथ का श्रृंगार कर मंच पर आये कलाकार के साथ आम श्रद्धालुजन जमकर झूमे. भजन संध्या का देर रात तक श्रोताओं ने आनंद प्राप्त किया.

भजन संध्या के पूर्व मंदिर धाम पर श्री द्वादश ज्योर्तिलिंगेश्वर महादेव मंदिर पर भव्य महाआरती हुई. जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने विशेष रूप से उपस्थित होकर भोलेनाथ की आरती उतारी. आरती के समय भारी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद था. इस विशेष अवसर पर शामिल होकर लोगो ने पुण्यलाभ प्राप्त किया.

इसके बाद उज्जैन से आए श्री राधे कृष्णा म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों द्वारा कई सुंदर भजन प्रस्तुत कर आम श्रद्धालुओं व दर्शकों को झूमने के लिये मजबूर कर दिया. प्रारंभ में अतिथिगण पूर्व विधायक पुरषोत्तम दांगी, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह और मंदिर समिति के सदस्यगण मुरारी लाल अग्रवाल चाचा, सुरेश अग्रवाल, रमेश चन्द्र शर्मा, हरिओम जुलानिया, इंजी. गिरराज कसेरा, दिनेश मंगल आदि ने भगवान की पूजा अर्चना कर भजन मंडली के कलाकारों का स्वागत किया.

भजन गायक विवेक भारद्वाज उज्जैन, शंकरा ट्रांस की प्रस्तुति देने वाले राजेश श्रीवास और विशेष भजन गायक तिलक शर्मा सहित सभी संगीत कलाकारों का मंदिर ट्रस्ट परिवार के सदस्यों ने विशेष स्वागत किया.

### सुधीर व्यास के भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु

**छापीहेड़ा 16 फरवरी, सं.** आस्था श्रद्धा एवं भक्ति का महापर्व महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर समाजसेवी टीम कृष्णा फ्रेंड्स क्लब द्वारा अटल चोक तालाब परिसर पर भव्य सुंदर कांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन संपन्न हुआ. नगर के शिवालयों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े. अनेक मंदिरों में भक्ति भाव देखने को मिला वही शाम 6 बजे प्राचीन वटकेश्वर महादेव पर महादेव का विशेष श्रंगार किया गया एवं माँ बिजासन का आकर्षण स्वरूप वटकेश्वर धाम पर विराजमान कर शिव गौरा की जोड़ी की महाआरती में पंडित सुधीर व्यास, सांसद रोड़मल नागर, जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर सहित जनप्रतिनिधियो ने सहभागिता की. उसके पश्चात तालाब परिसर पर सांसद एवं जिलाध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इस अवसर पर कृष्णा फ्रेंड्स क्लब के सदस्यों सहित नर नारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे.